प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 29.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तोक्यो में 15वें भारत–जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।
- हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनायी जा रही है–जोधपुर में सांसद खेल महोत्सव की शुरूआत होगी।
- खान विभाग के मुख्य सचिव टी रविकांत ने कहा–खनिज के ढेरों में से बहुमूल्य और क्रिटिकल खनिजों की तलाश की जायेगी।
- प्रदेश में आज 11 जिलों के लिए बारिश का येलो अलर्ट–कल से कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बरसात की संभावना।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तोक्यो में 15वें भारत–जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। श्री मोदी जापान की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आज सुबह तोक्यो पहुँचे। प्रस्थान से पहले वक्तव्य में, श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि जापान और चीन की यात्राएँ भारत के राष्ट्रीय हितों और प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाएँगी साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक शांति, सुरक्षा और सतत विकास को आगे बढ़ाने में सार्थक सहयोग में योगदान देंगी। उन्होंने कहा कि वे जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ मिलकर भारत–जापान आर्थिक और निवेश संबंधों के दायरे और महत्वाकांक्षाओं का विस्तार करने, एआई तथा सेमीकंडक्टर सहित नई और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन जाएँगे।

0000

देशभर में आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष 29 अगस्त को हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस का विषय है– शांतिपूर्ण और समावेशी समाजों को प्रोत्साहन देने के लिए खेल। फिटइंडिया मिशन आज से राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित करेगा। तीन दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में "एक घंटा, खेल के मैदान में" जैसे अभियान, लोगों को रोजाना कम से कम एक घंटा आउटडोर खेलों और शारीरिक गतिविधियों के लिए समर्पित करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। प्रदेश मे भी राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न आयोजन हो रहे है। इसी कडी में करौली में जिला मुख्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी, खोखो और फुटबॉल जैसी प्रतियोगिताएं हो रही है। पाली में राजकीय बांगड स्टेडियम में मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तीन दिन की खेल प्रतियोगिताओं की शुरूआत होंगी। जोधपुर में सांसद खेल महोत्सव शुरू हो रहा है। केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत शाला क्रीडा संगम, गौशाला मैदान में इसकी शुरूआत करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि ये महोत्सव तीन स्तर गांव, ब्लॉक या वार्ड और संसदीय क्षेत्र पर आयोजित किये जायेंगे।

......

इस बीच राज्य के विभिन्न भागों में अतिवृष्टि तथा खेल मैदानों में जल भराव होने के कारण 69वीं जिला और राज्य स्तरीय माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयी छात्र–छात्रा खेलकूद प्रतियोगितायें आगामी आदेश तक स्थगित कर दी गई हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने बताया कि आयोजन की नई तारीखे जल्द घोषित की जायेगी।

0000

प्रवासी राजस्थानी दिवस आगामी 10 दिसम्बर को जयपुर में आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रवासी राजस्थानी दिवस के आयोजन की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि सरकार प्रवासी राजस्थानियों की उपलब्धियों और उनके सामाजिक योगदान का सम्मान करने के लिए प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन करेगी। श्री शर्मा ने अधिकारियों को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। ये राष्ट्रीय कार्यक्रम अगले तीन महीनो में हैदराबाद, कोलकाता और सूरत में आयोजित किये जायेंगे। वहीं अक्टूबर में अन्तर्राष्ट्रीय कनेक्ट कार्यक्रम दुबई और अबू धाबी में होंगे।

गौरतलब है कि प्रवासी राजस्थानी सम्मान पुरस्कार के लिए राजस्थान फाउंडेशन पोर्टल पर 13 अगस्त से आवेदन पत्र भरा जा रहा है, जिसकी आखिरी तारीख 12 अक्टूबर है।

0000

मुख्यमंत्री ने कल सार्वजनिक निर्माण विभाग की भी बैठक ली। उन्होंने इस दौरान विभाग की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के सबंध में समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सड़क निर्माण में गुणवत्तापूर्ण काम सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही परियोजनाओं की देरी पर कॉन्ट्रेक्टर से वसूली करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मानसून के कारण टूटी सड़कों का ड्रोन सर्वे करवाकर 20 अक्टूबर से पहले मरम्मत कार्य पूरा करने को भी कहा।

0000

प्रदेश में खनिज के ढ़ेरों में बेशकीमती और क्रिटिकल खनिजों की तलाश की जायेगी। इसके लिए रिसाईकलिंग तकनीक का उपयोग कर डम्प्स में उपलब्ध खनिज संपदा के व्यावसायिक उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ा जाएगा। खान और पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने जयपुर में आयोजित एक बिजनिस समिट में ये बात कही। उन्होंने कहा कि आईआईटी, हैदराबाद और धनबाद के साथ मिलकर इन डम्प्स में एसोसिएटेड मिनरल्स के डिपोजिट्स का अध्ययन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर काम शुरू कर दिया गया है।

0000

शिक्षा विभाग ने पीटीआई भर्ती 2022 में चयनित अभ्यर्थियों का वेतन नियमितिकरण और स्थायीकरण आगामी आदेश तक नहीं करने के निर्देश दिए है। विभाग के संयुक्त शासन सचिव मनीष गोयल ने आदेश जारी कर कहा है कि इस भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज फर्जी होने के संबंध में लगाकार मिल रही शिकायतों को देखते हुए इनके दस्तावेज की जांच के लिए समितियां गठित की गई है। राज्य और संभाग स्तर पर बनाई गई ये समितियां अभ्यर्थियों के दस्तावेज की सम्पूर्ण जांच करेगी।

0000

प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात का सिलसिला बना हुआ है। कल राजधानी जयपुर सहित 15 शहरों में बरसात हुई। बांसवाडा से अच्छी बरसात के समाचार है। वहां सज्जनगढ क्षेत्र में 18 सेंटीमीटर बरसात हुई। माही बांध के चार गेट और कागदी पिकअप के 5 गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। उधर कल बीसलपुर बांध के चार गेट 1–1 मीटर खोलकर 24 हजार क्यूसेक पानी छोडा गया। हनुमानगढ में बारिश से टिब्बी क्षेत्र में निचले इलाकों में पानी भर गया। मौसम विभाग ने आज 11 जिलों के लिए बारिश का येलो अलर्ट दिया है। इनमें दक्षिणी जिले बांसवाड, डूंगरपुर, प्रतापगढ, राजसमंद, सिरोही, और उदयपुर शामिल है। वहीं पश्चिमी हिस्सों में बाडमेर, जैसलमेर, जालौर, जोधपुर और पाली में बरसात हो सकती है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि हल्की से मध्यम बरसात का सिलसिला दो–तीन दिन तक जारी रहेगा। वहीं कल से कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कही भारी बरसात हो सकती है।

.....

0000

पाली जिले के भीमाणा गांव की कई आदिवासी महिलाएं अब आत्मनिर्भर बन रही है। ये महिलाएं कई प्रकार के नये खाद्य पदार्थ और अनूठे उत्पाद बना रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि महिलाएं सीताफल पल्प और जामुन शॉट्स बना रही है। साथ ही हर्बल गुलाल, पलाश के पत्तों से डिस्पोजल प्लेट्स और बेर से लड्डू भी बना रही है। इसके लिए नाबार्ड की ओर से प्रशिक्षण दिय जा रहा है।

0000